वी.यू. मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, यह कार्यक्रम रानी दुर्गावती जिला चिकित्सालय एल्गिन हॉस्पिटल एवम् रेड क्रास सोसाइटी के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं सहित वेटनरी एवम् वेटनरी पालीटेक्निक के छात्र–छात्राओं ने भी उत्साह एवम् स्वेक्षिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा 16 यूनिट रक्तदान किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कुलपति

प्रो. सीता प्रसाद तिवारी, कुलसचिव डॉ. एस.के. जोशी, एवम् डॉ. जी.पी. लखानी विशिष्ठ अतिथि के रुप में उपस्थित रहे, माननीय कुलपति जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की थैलीसीमिया, एनीमिया, प्रसव, शल्य चिकित्सा एवम् आकस्मिक चिकित्सा जैसी स्थिति के दौरान उचित समय पर रक्त की उपलब्धता न होने से मरीजों की असामयिक मौत हो जाती है, ऐसी स्थिति में उचित समूह का रक्त उपलब्ध होना पुनर्जीवन के मिलने समान हो जाता है, रक्तदान करके हम सामाजिक सेवा के साथ साथ स्वयं को भी अभिप्रेरित करते हैं, रक्तदान वर्तमान समय में महादान है,

जिसे चिकित्सकीय देखरेख में विभिन्न आयुवर्ग एवम् वजन के लोग प्रत्येक तिमाही में कर सकते हैं, कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता डा एस के महाजन की अध्यक्षता, राष्ट्रीय सेवा

योजना इकाई प्रभारी डॉ. सोना दुबे के संचालन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम के समापन में रक्तदान करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए, कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयं सेवकों सहित प्राध्यपकगण डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. प्रीति मिश्रा, श्री शिवमोहन सिंह, टीचिंग एसोसिएट प्रतीक कुमार तिवारी, अनिल केवट, सत्येंद्र कटारा, प्रियंका गौतम, शिवानी पाठक सहित कर्मचारी वर्ग, पूर्व छात्र संघ अखिल भारतीय कृषि छात्र संघ एवम् समस्त छात्रों का विशेष योगदान रहा,

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर